**बिहार सरकार**
**ऊर्जा विभाग**

पत्रांक–प्र० / SBPDCL–29 / 2024–                    / पटना, दिनांक–

सेवा में,

**महालेखाकार (लेखा एवं हक),**
बिहार, वीरचन्द पटेल मार्ग, पटना।

**विषय :–** **साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0 अंतर्गत विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, बिहटा के सिमरी एवं पैनाल के समीप में जी0आई0एस0 आधारित 2X10 MVA क्षमता की एक नये विद्युत शक्ति उपकेन्द्र के निर्माण हेतु 12.91 करोड़ (बारह करोड़ इक्यानवे लाख) रुपये की स्वीकृत योजना के कार्यान्वयन हेतु पूर्व में उपलब्ध कराये गये राशि के अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा Scheme for Special Assistance to States for Capital Investment for 2026-27 Under Part-1 के अंतर्गत विमुक्त की गयी राशि में से वित्तीय वर्ष 2026–27 में 6.60 करोड़ (छः करोड़ साठ लाख) रूपये साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0 को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान करने के संबंध में।**

आदेश–स्वीकृत।

विभागीय राज्यादेश संख्या–2084 दिनांक–27.06.2024 द्वारा साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0 अंतर्गत विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, बिहटा के सिमरी एवं पैनाल के समीप में जी0आई0एस0 आधारित 2X10 MVA क्षमता की एक नये विद्युत शक्ति उपकेन्द्र के निर्माण हेतु 12.91 करोड़ (बारह करोड़ इक्यानवे लाख) रूपये की नयी योजना की प्रशासनिक स्वीकृति एवं इस योजना के कार्यान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष 2024–25 में 1.00 करोड़ (एक करोड़) रूपये उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की गयी है। इस योजना के कार्यान्वयन हेतु अबतक कुल 4.00 करोड़ रूपये साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0 को उपलब्ध कराया गया है। पूर्व में उपलब्ध कराये गये राशि के अतिरिक्त इस योजना के कार्यान्वयन हेतु साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0 द्वारा Scheme for Special Assistance to State for Capital Investment for 2026-27 Under Part-1 के अंतर्गत भारत सरकार द्वारा विमुक्त की गयी राशि में से 6.60 करोड़ (छः करोड़ साठ लाख) रूपये की मांग की गयी है, जिसे उपलब्ध कराया जाना है।

2. उल्लेखनीय है कि भारत सरकार, वित्त मंत्रालय के द्वारा ऊर्जा प्रक्षेत्र के लिए Scheme for Special Assistance to States for Capital Investment for 2026-27 Under Part-1 के अंतर्गत स्वीकृत राशि 1500.00 करोड़ रूपये में से प्रथम किश्त के रूप में 990.00 करोड़ रूपये विमुक्त किया गया है, जिसके अंतर्गत यह योजना भी सम्मिलित है।

2. उक्त आलोक में साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0 अंतर्गत विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, बिहटा के सिमरी एवं पैनाल के समीप में जी0आई0एस0 आधारित 2X10 MVA क्षमता की एक नये विद्युत शक्ति उपकेन्द्र के निर्माण हेतु 12.91 करोड़ (बारह करोड़ इक्यानवे लाख) रुपये की स्वीकृत योजना के कार्यान्वयन हेतु पूर्व में उपलब्ध कराये गये राशि के अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा Scheme for Special Assistance to States for Capital Investment for 2026-27 Under Part-1 के अंतर्गत विमुक्त की गयी राशि में से वित्तीय वर्ष 2026–27 में 6.60 करोड़ (छः करोड़ साठ लाख) रूपये साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0 को उपलब्ध कराने की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

3. उक्त राशि मांग सं0–10, मुख्य शीर्ष 4801–बिजली परियोजनाओं पर पूँजीगत परिव्यय, उप मुख्य शीर्ष–05 संचरण तथा वितरण, लघुशीर्ष–190–सार्वजनिक क्षेत्र के तथा अन्य उपक्रमों में निवेश, उपशीर्ष–0106 साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0 की परियोजना, विपत्र कोड–10–4801051900106 विषय शीर्ष–54.01–निवेश के अन्तर्गत वित्तीय वर्ष 2026–27 में उपबंधित राशि से विकलनीय होगा।

5. इस राशि की निकासी उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, बिहार, पटना के द्वारा CFMS के माध्यम से सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना से वित्त विभाग के स्तर पर Scheme for Special Assistance to States for Capital Investment for 2026-27 Under Part-1 के अन्तर्गत खोले गये SNA Account आई0सी0आई0सी0आई0 बैंक, बोरिंग रोड, पटना के खाता सं0–040401016029 एवं IFSC Code-ICIC0000404 में हस्तांतरित की जायेगी।

6. उक्त राशि का व्यय Scheme for Special Assistance to State for Capital Investment for 2026-27 Under Part-1 में वर्णित दिशा–निर्देशों के अनुसार किया जायेगा।

7. वित्त विभाग के परिपत्र संख्या 7355 दिनांक 05.10.2007 के अनुसार इसमें प्राधिकार पत्र की आवश्यकता नहीं है।

8. उक्त योजना की स्वीकृति हेतु सक्षम प्राधिकार माननीय मंत्री का अनुमोदन संचिका संख्या–प्र० / SBPDCL–29 / 2024 के पृष्ठ संख्या–04 / टि0 पर दिनांक–13.06.2024 को प्राप्त है।

9. राज्यादेश पर आंतरिक वित्तीय सलाहकार की सहमति संचिका संख्या–प्र० / SBPDCL–29 / 2024 के पृष्ठ संख्या–24 / टि0 पर दिनांक–05.08.2026 को प्राप्त है।

10. प्रस्ताव एवं प्रारूप पर सचिव का अनुमोदन प्राप्त है।

बिहार राज्यपाल के आदेश से,

ह0 / –

**(सुधा गुप्ता)**

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांक–प्र० / SBPDCL–29 / 2024– / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपिः–महालेखाकार (लेखा परीक्षा), बिहार, पटना / कोषागार पदाधिकारी, सचिवालय कोषागार, सिंचाई भवन, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

ज्ञापांक–प्र० / SBPDCL–29 / 2024– 4170 / पटना, दिनांक– 05.08.2026

प्रतिलिपिः–वित्त विभाग, बजट शाखा / अपर मुख्य सचिव, योजना एवं विकास विभाग, बिहार, पटना / सचिव, वित्त विभाग, बिहार, पटना / उप सचिव–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, ऊर्जा विभाग, पटना / बजट शाखा, ऊर्जा विभाग, पटना / लेखा शाखा, ऊर्जा विभाग(तीन प्रतियों में), पटना / अध्यक्ष–सह–प्रबंध निदेशक, बिहार स्टेट पावर (हो0) कं0 लि0 / प्रबंध निदेशक, साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कं0 लि0 / आई0टी0 मैनेजर, ऊर्जा विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

05.08.26

**सरकार के संयुक्त सचिव।**